**दिनांक–13.10.2026 को मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में Raising of perimeter wall (with fencing) of District Jail at Rampatti, Madhubani for the year-2026-27 (Tender Id-134625) कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाहीः–**

**उपस्थितिः–**

(i) **ई0 रामाज्ञा कुमार,** – अध्यक्ष
मुख्य अभियंता(उत्तर),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **ई0 विजय कुमार** – सदस्य
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, दरभंगा।

(iii) **ई0 कुमार आनंद,** – सदस्य
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, मधुबनी।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – **Raising of perimeter wall (with fencing) of District Jail at Rampatti, Madhubani for the year-2026-27 (Tender Id-134625)** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – ₹88,06,000/–(कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय गृह विभाग (कारा) का पत्रांक–2093, दि0–20.03.2026) |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि | – ₹87,89,431/– (मुख्य अभियंता (उत्तर) का पत्रांक 3095 अनु0 दिनांक–17.06.2026 |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – ₹87,89,431/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – 07.05.2026 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – 20.07.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – 20.07.2026 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – दिनांक 10.07.2026 को 12.30 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 07.07.2026 को 12.30 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – 06 (छः) माह। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – दैनिक समाचार पत्र। |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – 006867(भवन)/2026–27 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – i) ASHUTOSH JHA, KABILPUR, BHADURPUR, DARBHANGA, BIHAR - 846001<br>– ii) GURIYA SINHA, PANKAJ KUMAR SINGH, SINUARA, WARD- 06, MANHARA, DARBHANGA, BIHAR- 846003<br>– iii) AVEDNEX PRIVATE LIMITED, SHANT KABIR NAGAR, JARHUA, HAJIPUR, VAISHALI-844102, BIHAR |

**14. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः–**

**प्रथम बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):–** विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया। उक्त सभी निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा का पत्रांक–1470 अनु0 दिनांक–25.07.2026 के द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले सभी निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मुल्यांकनोपरांत/ जाँचोपरान्त पाया किः–

(i) प्रथम निविदाकार ASHUTOSH JHA, KABILPUR, BHADURPUR, DARBHANGA, BIHAR – 846001 को 100 अंक के पूर्णांक में 54 अंक प्राप्त हुआ है। जबकि निविदा में सफल होने के लिए 50 अंक की हीं आवश्यकता है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

(ii) द्वितीय निविदाकार GURIYA SINHA, PANKAJ KUMAR SINGH, SINUARA, WARD- 06, MANHARA, DARBHANGA, BIHAR- 846003 को 100 अंक के पूर्णांक में 80 अंक प्राप्त हुआ है। जबकि निविदा में सफल होने के लिए 50 अंक की हीं आवश्यकता है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

(iii) तृतीय निविदाकार AVEDNEX PRIVATE LIMITED, SHANT KABIR NAGAR, JARHUA, HAJIPUR, VAISHALI- 844102, BIHAR द्वारा अग्रधन की राशि (EMD) जमा नहीं कराया गया है, जो Tender Report में WIP अंकित है। साथ ही इनके द्वारा कोई भी निविदा संबंधी दस्तावेज भी अपलोड नहीं किया गया है। इन्हें 100 अंक के पूर्णांक में 00 अंक प्राप्त हुआ है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन–रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

**15. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः–**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रथम बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये तीन निविदाकारों में से दो निविदाकार** (i) "ASHUTOSH JHA, KABILPUR, BHADURPUR, DARBHANGA, BIHAR – 846001" एवं (ii) "GURIYA SINHA, PANKAJ KUMAR SINGH, SINUARA, WARD- 06, MANHARA, DARBHANGA, BIHAR- 846003" को तकनीकी बीड में **'सफल'** एवं **अन्य एक निविदाकार** (i) "AVEDNEX PRIVATE LIMITED, SHANT KABIR NAGAR, JARHUA, HAJIPUR, VAISHALI- 844102, BIHAR" **को 'असफल'** घोषित करते हुए इस कार्यवाही को दिनांक–19.10.2026 के पूर्वाहन 10.00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर रखने का निर्णय लिया गया। यदि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त होती है तो विभागीय पत्रांक–6290(भ0) दिनांक–07.07.2025 के आलोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर प्राप्त परिवाद पर विचार करते हुए अपनी अनुशंसा के साथ विभागीय निविदा समिति के समक्ष परिवाद के निष्पादन हेतु उपस्थापित करेंगे। यदि उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होती है तो मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलकर अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

**16.** इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 13/10/26 | 13/10/26 | 12.10.26 |
| **(कुमार आनंद)** | **(विजय कुमार)** | **(रामाज्ञा कुमार)** |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(उत्तर), |
| भवन प्रमंडल, मधुबनी। | भवन अंचल, दरभंगा। | भवन निर्माण विभाग, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**ज्ञापांकः–**भ0उ0वि0/यो0(दर0)–69/2026 4467 पटना, दिनांकः–13/10/2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.10.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।